भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 801
दिनांक 04 दिसंबर 2025

दादरा और नगर हवेली में पीएमयूवाई के तहत जारी कनेक्शन

801. **श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री*** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत कनेक्शन जारी करने के लिए निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान वर्ष, 2025 तक संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली में उक्त योजना के अंतर्गत जारी किए गए कनेक्शनों की संख्या कितनी है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत देश भर में उपलब्ध वितरण नेटवर्क की संख्या कितनी है और इनमें से दादरा और नगर हवेली संघ राज्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में जिला-वार कितने वितरण नेटवर्क उपलब्ध हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) मई, 2016 में शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य देश भर में गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को जमानत राशि मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करना था। पीएमयूवाई के तहत 8 करोड़ कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य सितंबर 2019 में हासिल किया गया था। शेष गरीब परिवारों को कवर करने के लिए, उज्ज्वला 2.0 को अगस्त 2021 में 1 करोड़ अतिरिक्त पीएमयूवाई कनेक्शन जारी करने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था, जिसका लक्ष्य जनवरी 2022 में हासिल किया गया था। इसके बाद, सरकार ने उज्ज्वला 2.0 के तहत 60 लाख और एलपीजी कनेक्शन जारी करने का निर्णय लिया और दिसंबर 2022 के दौरान 1.60 करोड़ उज्ज्वला 2.0 कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य भी हासिल कर लिया गया। इसके अलावा, सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए पीएमयूवाई योजना के तहत अतिरिक्त 75 लाख कनेक्शन जारी करने को मंजूरी दी, जो जुलाई 2024 के दौरान पूरा हो गया। दिनांक 01.11.2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव यूटी में 17,742 एलपीजी कनेक्शनों सहित 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन थे।

सरकार ने हाल ही में देश में एलपीजी पहुंच की संतृप्ति हासिल करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पीएमयूवाई के तहत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन जारी करने को मंजूरी दी है। पहुंच में और सुधार लाने के लिए, "वंचितता घोषणा प्रस्तुत करने के आधार पर गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं" की पात्रता मानदंड को सरल बनाया गया है।

दिनांक 1 नवंबर, 2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 25,587 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप हैं, जिनमें से 17,661 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इन्हें देश भर में स्थित तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के 214 एलपीजी भरण संयंत्रों के माध्यम से सेवा प्रदान की जाती है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में एलपीजी की पहुँच में सुधार लाने के लिए, ओएमसी ने दिनांक 01.04.2016 से दिनांक 31.10.2025 के दौरान देश भर में 8017 डिस्ट्रीब्यूटरशिप कमीशन की हैं, जिनमें से 7420 (अर्थात 93%) ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

दादरा और नगर हवेली में उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करने वाली 07 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप का जिलावार विवरण नीचे दिया गया है।

ज़िला	**ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने वाले वितरकों की संख्या**
दादरा एवं नगर हवेली	4
दमन	2
दीव	1

स्रोत: पीएसयू ओएमसीएस की ओर से आईओसीएल

*****